केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
(विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त सोसाइटी)
Central Power Research Institute
(An autonomous society under Ministry of Power, Govt. of India)

विज्ञापन सं.सीपीआरआई/04/2022

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के जनन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान आरंभ करने तथा समन्वित करने के लिए एक शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। सीपीआरआई का प्रधान कार्यालय बेंगलूर में स्थित है तथा इसके एकक भोपाल, हैदराबाद, नागपुर, नोएडा, कोलकाता, गुवाहाटी में हैं तथा नासिक में साइट कार्यालय स्थित हैं।

सीपीआरआई प्रतिनियुक्ति द्वारा निम्नलिखित पद की प्रत्याशित रिक्ति को भरने के लिए **केंद्र सरकार/ केंद्रीय स्वायत्त संगठनों / सांविधिक निकायों** के अधिकारी से आवेदन आमंत्रित करता है। तैनाती स्थान बेंगलूर होगा।

पद का नाम	दिनांक 30.06.2022 को रिक्त होने वाले पद की संख्या
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सामान्य ग्रेड)	1

प्रतिनियुक्ति के लिए शैक्षिक अर्हता, अनुभव:

पद का नाम	**शैक्षिक अर्हता**	**प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित अनुभव**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सामान्य ग्रेड)	बीए / बीएससी / बीकॉम / बीबीए / बीबीएम में विश्वविद्यालय की डिग्री के साथ एसएएस / एएओ / जेएओ / कानून में स्नातक / एलएलबी / एसीएस की वृत्तिक योग्यता। वांछनीय: एमबीए (एचआरएम) / प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (मानव संसाधन प्रबंधन- दो वर्षीय पाठ्यक्रम)	**(ए)** मूल संवर्ग या विभाग में अनुरूप पद धारण किया होना चाहिए। **अथवा** **(बी)** मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 11 में पांच वर्षों की सेवा सहित उपरोक्तों के साथ केंद्र सरकार / केंद्रीय स्वायत्त संगठनों / सांविधिक निकायों के प्रबंधन / प्रशासन में कुल मिलाकर 12 वर्षों का अनुभव तथा अच्छे मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल के साथ केंद्र सरकार के नियमों और विनियमों आदि का ज्ञान होना चाहिए।

सीपीआरआई, पद को भरने या विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार रखता है।

प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में 3 वर्षों की अवधि के लिए होगी, जिसे प्रदान करने वाले संगठन के साथ आपसी सहमति पर अगले 2 वर्षों की अवधि के लिए इस शर्त के अधीन बढ़ाया जा सकता है कि सेवाओं को सेवानिवृत्ति की तारीख से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

उल्लिखित सभी शैक्षिक अर्हताएँ भारत सरकार द्वारा मान्य यूजीसी / एआईसीटीई / राज्य सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से प्राप्त हों ।

पद के लिए आवेदकों की पात्रता के निर्धारण की निर्णायक तारीख रिक्ति होने की तारीख अर्थात् 30.06.2022 होगी।

वेतन संरचना तथा कार्य विवरण :

पद का नाम	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर और सेल**	**संक्षिप्त कार्य विवरण**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सा ग्रेड)	7वें सीपीसी का स्तर- 12 रु . 78800 - 209200	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संस्थान के सामान्य प्रशासन के लिए जिम्मेदार है जिसमें सामान्य प्रशासन और कार्मिक प्रबंधन में महानिदेशक की सहायता करना, भर्ती संबंधी कार्य संभालना , सतर्कता कार्यवाही, शिकायतें, आरटीआई मामले और अनुशासनात्मक मामले, कानूनी और सुरक्षा मामलों को संभालना, नोटिस और परिपत्र जारी करना, विभिन्न मूल्यांकन समिति / सोसाइटी की बैठकों का आयोजन और समन्वयन, शासी परिषद की बैठकों के लिए कार्यसूची और कार्यवृत्त तैयार करना और इनके निर्णयों को लागू करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना, गोपनीय रिकॉर्ड बनाए रखना और विभिन्न विभागों के साथ संपर्क करना, मंत्रालय और अन्य अधिकारियों के साथ पत्राचार, सभी कानूनी मुकदमों में सोसाइटी का प्रतिनिधित्व करना या नियमों, उपनियम और कार्य नियम के अनुसार सोसाइटी द्वारा और उसके विरुद्ध कार्यवाही करना, समझौते को तैयार करना, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना और सोसाइटी की ओर से रिकॉर्ड को प्रमाणित करना। महानिदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य।

पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों का बायोडाटा सीपीआरआई वेबसाइट https://cpri.res.in/ में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार **उचित माध्यम द्वारा एम्प्लॉयमेंट न्यूज / रोजगार समाचार में इस रिक्ति के विज्ञापन की तारीख से 30 दिनों के भीतर** नीचे उल्लेखित दस्तावेजों / प्रमाणपत्रों के साथ **अग्रेषित** किया जा सकता है।

1. प्रासंगिक शिक्षा योग्यता (मैट्रिकुलेशन / एसएससी, डिग्री प्रमाण पत्र, मार्कशीट आदि) की स्व-सत्यापित प्रतियाँ।
2. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र ।
3. पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ा/छोटा जुर्माना न लगाए जाने को दर्शानेवाला प्रमाण पत्र।
4. सक्षम प्राधिकारी/विभाग के प्रमुख द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/एपीएआर ।

सभी प्रकार से संपूर्ण आवेदन पत्र को लिफाफे के ऊपर ***"मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सामान्य ग्रेड) के पद के लिए आवेदन"*** लिखकर नीचे दिए गए पते पर डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए। अंतिम तारीख के बाद या निर्धारित दस्तावेजों/सूचना के बिना प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान,
प्रो. सर सी.वी. रामन रोड,
पोस्ट बॉक्स सं: 8066, सदाशिवनगर (डाक घर),
बेंगलूर - 560080

****